# हिंदी के लिए बद्री, राजस्थानी के लिए कमल रंगा को साहित्य अकादमी पुरस्कार

नई दिल्ली | साहित्य अकादेमी ने हिंदी के लिए बद्री नारायण, अंग्रेजी के लिए अनुराधा राय, राजस्थानी के लिए कमल रंगा, पंजाबी के लिए सुखजीत, गुजराती के लिए गुलाम मोहम्मद शेख, मराठी के लिए प्रवीण बांदेकर और मैथिली के लिए अजित आजाद सहित 23 साहित्यकारों को 2022 के अकादमी पुरस्कार के लिए चुना है। सबसे अधिक सात पुरस्कार कविता, छह उपन्यास, तीन नाटक, दो-दो कहानी संग्रह व साहित्यिक आलोचना तथा एक-एक आत्मकथा, लेख संग्रह और साहित्यिक इतिहास की पुस्तकों के लिए दिया गया है। बद्री नारायण को उनके कविता संग्रह 'तुमड़ी के शब्द', आजाद को उनके कविता संग्रह 'पेन-ड्राइव में पृथ्वी' के लिए पुरस्कार मिलेगा।